# 2 प्रैक्टिस सेट

1. **दक्षिण-पूर्व एशिया में ग्रीष्मकालीन मानसून के दौरान-**
   (a) मौसम प्राय: साफ एवं शुष्क रहता है।
   (b) हवायें मध्य एशिया से दक्षिण की ओर प्रवाहित होती हैं।
   (c) हवायें हिंद महासागर से एशिया महाद्वीप की ओर प्रवाहित होती हैं।
   (d) हवायें निम्न वायु दबाव से उच्च दबाव की ओर प्रवाहित होती हैं।
2. **बोरियल वन का, सबसे महत्वपूर्ण वनस्पति संसाधन है-**
   (a) गेहूं (b) वन्य उत्पाद
   (c) नींबू (d) प्राकृतिक रबर
3. **जनसंख्या का गणितीय घनत्व होता है-**
   (a) सम्पूर्ण भूमि और कुल जनसंख्या का अनुपात
   (b) सम्पूर्ण ग्रामीण भूमि और कुल जनसंख्या के बीच का अनुपात
   (c) सम्पूर्ण कृषि भूमि और कुल ग्रामीण जनसंख्या के बीच का अनुपात
   (d) सम्पूर्ण भूमि और कुल ग्रामीण जनसंख्या के बीच का अनुपात
4. **''भारतीय प्रेस की स्वतंत्रता का प्रणेता'' किसे कहा जाता है?**
   (a) आगस्टस हिक्की
   (b) चार्ल्स मेटकॉफ
   (c) मैकग्रेथ
   (d) डिजारेली
5. **दिसम्बर 1929, में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन ने जोर दिया।**
   (a) होम-रूल
   (b) पूर्ण स्वराज
   (c) औपनिवेशिक स्वशासन
   (d) प्रशासन में भारतीयों की उचित भागीदारी
6. **'चौखंभा सिद्धांत' के अग्रणीय सिद्धांतकार कौन थे?**
   (a) एम.जी. रानाडे
   (b) महात्मा गांधी
   (c) राम मनोहर लोहिया
   (d) एनी बेसेंट
7. **निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का दक्षिणतम बिंदु है?**
   (a) इंदिरा बिंदु (b) शास्त्री बिंदु
   (c) मोदी बिंदु (d) राम बिंदु
8. **निम्न में से कौन-सा भू-संतुलन का उदाहरण है?**
   (a) अण्डमान द्वीपसमूह का निर्माण
   (b) पथरीले पहाड़ों का निर्माण
   (c) मिसीसीपी मुहाने का संकुचन
   (d) सेन एण्ड्रीयास भ्रंश
9. **न्यूनतम वृद्धि काल वाला बायोम है-**
   (a) सवाना (b) टैगा
   (c) चपारल (d) टुंड्रा
10. **लोकसभा का प्रोटेम अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है-**
    (a) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
    (b) भारत के उप-राष्ट्रपति द्वारा
    (c) भारत के प्रधानमंत्री द्वारा
    (d) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा
11. **निम्नलिखित राज्यों में किस राज्य का विधान-मण्डल द्विसदनीय है?**
    (a) तमिलनाडु
    (b) त्रिपुरा
    (c) पश्चिम बंगाल
    (d) बिहार
12. **भारतीय संघ कौन-से देश के संघ के सदृश है?**
    (a) संयुक्त राज्य अमेरिका
    (b) ऑस्ट्रेलिया
    (c) स्विट्जरलैंड
    (d) कनाडा
13. **भारत में राजनीतिक दलों को मान्यता दी जाती है-**
    (a) केंद्र सरकार द्वारा
    (b) राज्य सरकार द्वारा
    (c) भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा
    (d) भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा
14. **भारत में सूचना का अधिकार किस वर्ष पारित किया गया?**
    (a) 2004 में (b) 1999 में
    (c) 2005 में (d) 2009 में
15. **भारत का निर्वाचन आयोग है**
    (a) विधिक संस्था
    (b) प्रशासनिक संस्था
    (c) अधिनियमित संस्था
    (d) संवैधानिक संस्था
16. **'निर्धनता का दुश्चक्र' की अवधारणा संबंधित है-**
    (a) कार्ल मार्क्स
    (b) आर. नर्कसे
    (c) एडम स्मिथ
    (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
17. **भारत में पहली औद्योगिक नीति कब अस्तित्व में आई?**
    (a) मार्च, 1942
    (b) मई, 1946
    (c) अप्रैल, 1948
    (d) जून, 1952
18. **निम्न में से कौन-सी अवधि प्रथम पंचवर्षीय योजना की थी?**
    (a) 1946-50 (b) 1951-56
    (c) 1952-57 (d) 1953-58
19. **भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?**
    (a) 1953 (b) 1956
    (c) 1954 (d) 1958
20. **ग्रामीण अवस्थापना विकास कोष का सृजन किसके अधीन किया गया है?**
    (a) आर.बी.आई.
    (b) नाबार्ड
    (c) कृषि मंत्रालय
    (d) ग्रामीण विकास मंत्रालय
21. **राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग की स्थापना कब हुई थी?**
    (a) 1 जून, 2000
    (b) 10 जून, 2002
    (c) 24 मई, 2004
    (d) 12 जुलाई, 2006

Scanned with OKEN Scanner

**22. जब बर्फ पिघलती है तो उसका आयतन–**
(a) घटता है।
(b) बढ़ता है।
(c) पहले घटता है फिर बढ़ता है।
(d) वही रहता है।

**23. निम्न में से कौन-सी धातु चाकू से काटी जा सकती है?**
(a) चांदी (b) एल्युमिनियम
(c) जस्ता (d) सोडियम

**24. वर्षा ऋतु में लकड़ी से बने दरवाजों के फूलने का कारण है-**
(a) वाष्पोत्सर्जन
(b) अन्त: शोषण
(c) बहि: परासरण
(d) बिंदुस्रावण

**25. विटामिन-सी का रासायनिक नाम है-**
(a) फोलिक अम्ल
(b) साइट्रिक अम्ल
(c) एस्कॉर्बिक अम्ल
(d) लैक्टिक अम्ल

**26. ''चिपको आन्दोलन'' संबंधित है-**
(a) प्रोजेक्ट टाइगर से
(b) पौध प्रजनन से
(c) वन संरक्षण से
(d) ऊतक संवर्धन से

**27. किस वर्ष नीति आयोग अस्तित्व में आया?**
(a) जनवरी 01, 2014
(b) जनवरी 26, 2014
(c) जनवरी 26, 2015
(d) जनवरी 01, 2015

**28. वैदिक काल में 'बलि' शब्द का क्या अर्थ था?**
(a) बलिदान
(b) बैल
(c) आनुवंशिक
(d) प्रजा द्वारा शासक को दी गई भेंट

**29. किस सातवाहन राजा ने स्वयं 'एकब्राह्मण' की उपाधि धारण की थी?**
(a) यज्ञश्री शातकर्णी
(b) हाल
(c) गौतमीपुत्र शातकर्णी
(d) वशिष्ठीपुत्र पुलुमावी

**30. कौन से बौद्ध ग्रंथ में 'सोलह महाजनपदों' का उल्लेख मिलता है?**
(a) अंगुत्तर निकाय
(b) महावंश
(c) दीघ निकाय
(d) महावग्ग

**31. निम्नलिखित में से किस शासक ने भारत में सर्वप्रथम 'इक्ता व्यवस्था' प्रारंभ की थी?**
(a) इल्तुतमिश
(b) बलबन
(c) अलाउद्दीन खिलजी
(d) रजिया

**32. बुलन्द दरवाजा किसके द्वारा बनवाया गया था?**
(a) अकबर (b) जहांगीर
(c) शाहजहां (d) बाबर

**33. निम्न में से किस राज्य की सीमा बांग्लादेश से नहीं मिलती है?**
(a) मेघालय (b) त्रिपुरा
(c) मणिपुर (d) मिजोरम

**34. निम्न में से कौन बारूदी सुरंगों का पता लगाने में उपयोगी होते हैं?**
(a) मधुमक्खी (b) बर्र
(c) तितली (d) पतंगा

**35. कंप्यूटर के आई.सी. चिप प्राय: बनाए जाते हैं-**
(a) पर्ण से
(b) क्रोमियम से
(c) सिलिकॉन से
(d) स्वर्ण से

**36. भारत में अणुबम के विकास से संबंधित हैं-**
(a) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(b) डॉ. होमी जहांगीर भाभा
(c) डॉ. राजा रमन्ना
(d) कस्तूरी रंगन

**37. लेसर बीम का उपयोग होता है-**
(a) कैंसर चिकित्सा में
(b) हृदय की चिकित्सा में
(c) आंख की चिकित्सा में
(d) गुर्दे की चिकित्सा में

**38. प्रसिद्ध नैमिषारण्य तीर्थ निम्न जनपदों में से किस एक में स्थित है?**
(a) उज्जैन
(b) मथुरा
(c) सीतापुर
(d) जबलपुर

**39. निम्नलिखित में से कौन बीजगणित के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए विशेष रूप से जाना जाता है?**
(a) आर्यभट्ट
(b) ब्रह्मगुप्त
(c) भास्कर
(d) ऊर्जयन्त

**40. कौटिल्य प्रधानमंत्री थे-**
(a) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के
(b) अशोक के
(c) चन्द्रगुप्त मौर्य के
(d) राजा जनक के

**41. कर्नाटक का सिल्क उत्पादन केरल के सिल्क उत्पादन से 100% अधिक है। केरल के आधे सिल्क उत्पादन को कर्नाटक के सिल्क उत्पादन के प्रतिशत के रूप में दर्शाइए।**
(a) 15% (b) 10%
(c) 20% (d) 25%

**42. यदि $x = 1 + \sqrt{2}$ और $y = 1 - \sqrt{2}$, तो $x^{-2} + y^{-2}$ का मान क्या होगा ?**
(a) 2 (b) 6
(c) 4 (d) 8

**43. इन्हें बढ़ते क्रम में लगाइए-**
**1/3, 7/23, 2/7, 5/14**
(a) 1/3, 7/23, 2/7, 5/14
(b) 2/7, 7/23, 1/3, 5/14
(c) 2/7, 7/23, 5/14, 1/3
(d) 1/3, 2/7, 7/23, 5/14

**44. सार्थक क्रम है-**
**(1) यौवन**
**(2) शैशावावस्था**
**(3) बचपन**
**(4) प्रौढ़**
**(5) कशोरावस्था**
(a) 2,1,5,4,3
(b) 2,3,5,1,4
(c) 3,4,1,2,5
(d) 3,4,2,1,5

**45. 0.0666 .... × 2.444 ..... का मान ज्ञात कीजिए।**
(a) 0.1472 (b) 0.1854
(c) 0.1628 (d) 0.1548

**46. L, A के पूर्व में है, R, B के पश्चिम में है, जो L के दक्षिण में है। K, जो कि R और B के मध्य में है, A के दक्षिण में है। R, L के संदर्भ में किस दिशा में है ?**
(a) दक्षिण-पूर्व
(b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर-पश्चिम
(d) दक्षिण

**47. निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न के स्थान पर क्या आएगा ?**
**10, 13, 17, 24, 35, ?**
(a) 53 (b) 49
(c) 48 (d) 51

**48. निम्नलिखित प्रश्न में, तीन कथन और दो निष्कर्ष दिए गए हैं। निष्कर्ष पढ़ें और तय करें कि कौन-सा निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता है।**
**कथन:**
**कुछ स्क्रीन डिस्प्ले हैं।**

Scanned with OKEN Scanner

सारे मॉनिटर डिस्प्ले हैं।
सारे मॉनिटर बॉक्स हैं।
निष्कर्ष:
I. कुछ डिस्प्ले बॉक्स हैं।
II. कुछ मॉनिटर स्क्रीन हैं।
(a) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(b) केवल I अनुसरण करता है।
(c) न तो I और न II अनुसरण करता है।
(d) केवल II अनुसरण करता है।

**49. दिए गए विकल्प से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष अक्षरों का चयन करें जो पहली जोड़ी के संबंध के अनुरूप प्रश्न चिह्न (?) की जगह लेगा:**

**CASTEISM : DISCRIMINATION :: WOMEN EMPOWERMENT : ?**
(a) INJUSTICE
(b) LIBERTY
(c) GENDER EQUALITY
(d) DIGNITY

**50. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए विकल्पों से अलग है ?**
**Phenology, Orihithology, Paleobotany, Phytogeography**
(a) Phytogeography
(b) Phenology
(c) Ornithology
(d) Paleobotany

**Read the following passage and answer the questions.**

## PASSAGE

A new paper published by Rochman and her colleagues in February, in the journal Ecology, sifts through past research on marine debris to assess the true extent of the environmental threat. Plenty of studies have sounded alarm bells about the state of marine debris: Rochman and her colleagues set out to determine how many of those perceived risks are real. Often, Rochman says, scientists will wrap up a paper by speculating about the broader impacts of what they've found. Maybe their study has shown that certain seabirds eat plastic bags, for example, and the paper goes on to warn that whole bird populations are at risk of dying out. "But the truth was that nobody had yet tested those perceived threats." Rochman says, "There wasn't a lot of information." Rochman and her colleagues examined more than a hundred papers on the impacts of marine debris that were published through 2013. Within each paper they asked what threats scientists had studied-366 perceived threats in all and what they'd actually found. In 83 percent of cases, the perceived dangers of ocean trash were proven true. In most of the remaining cases, the working group found the studies too shoddy to draw conclusions from– they lacked a control group, for example, or used faulty statistics.

Strikingly, Rochman says, only one well-designed study failed to find the effect it was looking for, an investigation of mussels ingesting microscopic plastic bits. The plastic moved from the mussels' stomachs to their bloodstreams, scientists found, and stayed there for weeks–but didn't seem to stress out the shellfish. A lot of ocean debris is "microplastic," or pieces smaller than five millimetres. These may be the beads from a facial scrub, fibres shed by synthetic clothing in the wash, or eroded remnants of larger debris. Compared to the number of studies investigating large-scale debris. Rochman's group found little research on the effects of these tiny bits. There are also, she adds, a lot of open questions about the ways that ocean debris can lead to sea-creature death. Many studies have looked at how plastic affects an individual animal or that animal's tissues or cells, rather than whole populations. And in the lab, scientists often use higher concentrations of plastic than what's really in the ocean. None of that tells us how many birds or fish or sea turtles could die from plastic pollution or how deaths in one species could affect that animal's predators, or the rest of the ecosystem. "We need to be asking more ecologically relevant questions," Rochman says. Usually, scientists don't know how disasters like oil spills or nuclear meltdowns will affect the environment until after they've happened, she says. "We don't ask the right questions early enough." But if ecologists can understand how the slow-moving disaster of ocean garbage is affecting ecosystems, they might be able to prevent things from getting worse.

**51. Which ONE of the following conclusions based on the examination of the hundred-odd papers on marine debris and its ecological impact by Rachman and her colleagues is NOT CORRECT?**
(a) Researchers tend to overgeneralize while discussing the implications of their findings.
(b) That ocean garbage endangers ecosystems has not been fully understood.
(c) More than fifty percent of the past ecological studies failed to perceive the threats posed by marine debris.
(d) Issues with the focus, scope and findings of previous research in-form future studies.

**52. Select the option to complete the statement below.**
**According to the passage, the significant difference between natural disasters and ecological disasters, especially with reference to marine debris, is that ..........**
(a) the latter can be predicted and prevented
(b) we study the former after they happen and the latter before they happen
(c) ocean debris does not cause natural disasters but could become more dangerous
(d) ecological disasters are not natural and man-made.

**53. Select the alternative that will improve the underlined part of the sentence; if no improvement is required, select "No improvement".**
**"We have <u>so many</u> to do, and so little time."**
(a) No improvement
(b) so much
(c) such many
(d) as much

**54. Given below are four sentences, three of which, are jumbled. Pick the option that gives the correct order.**
**A. Jamshed ji Tata was born in 1839 in a traditional Parsi family.**
**B. Then worked in trading for some years in China and UK.**
**C. He was a great believer in technology and revolu-tionized the Tata Textile Mills.**
**D. He started his career as an apprentice in his father's store.**
(a) ACBD (b) ACDB
(c) ADCB (d) ADBC

Scanned with OKEN Scanner

**55. Select the most appropriate synonym of the given word.**

**DISTASTE**

(a) neutral

(b) loathing

(c) tasteless

(d) banal

**निर्देश (56–60): प्रदत्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

भारतीय नारी त्याग, बलिदान, साहस, शक्ति तथा सेवा की सजीव मूर्ति है। जीवन के सुख-दुख में छाया की भांति पुरुष का साथ देने के कारण यह अर्धांगिनी और घर की व्यवस्थापिका होने के कारण लक्ष्मी कही जाती है। स्वार्थ और भोगलिप्सा को तिलांजलि देकर भारतीय नारी ने आत्मबलिदान के द्वारा समय-समय पर ऐसी ज्योति प्रज्ज्वलित की है कि उसके पुनीत प्रकाश में पुरुष ने अपना मार्ग ढूँढा है। उसकी शक्ति के आगे तो यमराज को भी हारना पड़ा। नारी का सम्मान करके ही पुरुष का जीवन कुसुम सुवासित होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं।

**56. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक है-**

(a) भारतीय नारी

(b) नारी की महत्ता

(c) नारी और देवी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57. भारतीय नारी के गुण हैं-**

(a) त्याग एवं शक्ति

(b) बलिदान

(c) साहस एवं सेवा

(d) उपर्युक्त सभी

**58. नारी की शक्ति के आगे किसको हारना पड़ा?**

(a) भगवान को (b) पुरुष को

(c) यमराज को (d) जगत् को

**59. भारतीय संस्कृति में देवताओं का निवास-स्थान माना गया है-**

(a) जहाँ नारियों का सम्मान होता है।

(b) जहाँ नारियाँ सम्पन्न हों।

(c) जहाँ नारियाँ सौभाग्यशाली हों।

(d) जहाँ नारी को पुरुष के समान अधिकार प्राप्त हों।

**60. घर की व्यवस्थापिका होने के कारण नारी का रूप है-**

(a) देवी (b) अर्धांगिनी

(c) लक्ष्मी (d) सहचरी

**निर्देश (61–65): प्रस्तुत पद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

चाह नहीं है सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊँ।
चाह नहीं प्रेम माला में विंध प्यारी को ललचाऊँ।।
चाह नहीं सम्राटों के शव पर हे हरि! डाला जाऊँ।
चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूं। भाग्य पर इठलाऊँ।
मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर तुम देना फेंक।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ पर जावें वीर अनेक।।

**61. उक्त पद्यांश का उचित शीर्षक है-**

(a) वीर भूमि

(b) शहीद की अभिलाषा

(c) पुष्प की अभिलाषा

(d) मेरी चाह

**62. पद्यांश के निहित संदेश है-**

(a) अपना जीवन देश-सेवा में अर्पित करना चाहिए।

(b) फूलों की भांति यशरूपी गंध फैलाना चाहिए।

(c) वीर सैनिक बनकर दुश्मनों से लोहा लेना चाहिए।

(d) पथ पर बढ़ते रहना चाहिए।

**63. 'मुझे तोड़ लेना वनमाली' यह कथन है -**

(a) हरि का (b) पुष्प का

(c) देशभक्त का (d) सुरबाला का

**64. पद्यांश में पुष्प की कौन-सी भावना प्रकट हुई है?**

(a) प्रेम-भावना

(b) बलिदान की भावना

(c) देशभक्ति की भावना

(d) विनय की भावना

**65. पुष्प की अभिलाषा है-**

(a) सुरबाला के गहनों में गूंथा जाना

(b) हरि के सिर पर चढ़ाया जाना

(c) सम्राटों के शव पर डाला जाना

(d) शहीदों के चरण-रज को स्पर्श करना

**66. 'प्रसून' शब्द का पर्यायवाची है-**

(a) वृक्ष (b) पुष्प

(c) चन्द्रमा (d) अग्नि

**67. ठकुरौती में प्रत्यय है–**

(a) औटी (b) औती

(c) अती (d) इ

**68. हिन्दी में मूलतः वर्णों की संख्या कितनी है?**

(a) 50 (b) 51

(c) 52 (d) 55

**69. निम्न विकल्पों में से किसी एक की वर्तनी शुद्ध है, चयन कीजिए–**

(a) कवित्री (b) कवीत्री

(c) कवियत्री (d) कवयित्री

**70. निम्नलिखित वाक्य के लिये उसके नीचे दिये गये विकल्पों में से वाक्य के प्रकार को चिन्हित कीजिए–**


**"चलिए अब यहाँ से चला जाए।"**

(a) कर्तृ वाच्य (b) कर्म वाच्य

(c) भाव वाच्य (d) संयुक्त वाक्य

**निर्देश (71–75): अग्रलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए नीचे दिए गए ग्राफ को ध्यान से पढ़ें–**

विगत वर्षों में दो कम्पनियों के लाभ में प्रतिशत वृद्धि




**71. वर्ष 2007 में कम्पनी B ने ₹ 7.56 लाख लाभार्जन किया था। इसने वर्ष 2005 में कितना लाभार्जन किया था?**

(a) ₹ 5 लाख

(b) ₹ 3.5 लाख

(c) ₹ 4 लाख

(d) ₹ 3 लाख

**72. सभी वर्षों में मिलाकर कम्पनी A के लाभ में औसत लगभग कितने प्रतिशत वृद्धि हुई थी?**

(a) 31 (b) 27

(c) 40 (d) 34

**73. वर्ष 2007 और 2009 में मिलाकर कम्पनी B के लाभ में औसतन कितने प्रतिशत वृद्धि हुई थी?**

(a) 48 (b) 42

(c) 40 (d) 45

**74. वर्ष 2008 में कम्पनी A के लाभ में हुई प्रतिशत वृद्धि और उसी वर्ष कम्पनी B के लाभ में हुई प्रतिशत वृद्धि के बीच का क्रमशः अनुपात क्या है?**

(a) 7 : 9

(b) 6 : 11

(c) 9 : 7

(d) 11 : 6

**75. वर्ष 2004 तथा 2006 में कम्पनी A के लाभ में हुई प्रतिशत वृद्धि उसी वर्ष B के लाभ में हुई प्रतिशत वृद्धि के बीच का अंतर कितना है ?**

(a) 25%

(b) 30%

(c) 12%

(d) इनमें से कोई नहीं

Scanned with OKEN Scanner

55. Select the most appropriate synonym of the given word.
DISTASTE
(a) neutral
(b) loathing
(c) tasteless
(d) banal

**निर्देश (56–60): प्रदत्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

भारतीय नारी त्याग, बलिदान, साहस, शक्ति तथा सेवा की सजीव मूर्ति है। जीवन के सुख-दुख में छाया की भांति पुरुष का साथ देने के कारण यह अर्धांगिनी और घर की व्यवस्थापिका होने के कारण लक्ष्मी कही जाती है। स्वार्थ और भोगलिप्सा को तिलांजलि देकर भारतीय नारी ने आत्मबलिदान के द्वारा समय-समय पर ऐसी ज्योति प्रज्वलित की है कि उसके पुनीत प्रकाश में पुरुष ने अपना मार्ग ढूँढा है। उसकी शक्ति के आगे तो यमराज को भी हारना पड़ा। नारी का सम्मान करके ही पुरुष का जीवन कुसुम सुवासित होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं।

56. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक है-
(a) भारतीय नारी
(b) नारी की महत्ता
(c) नारी और देवी
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. भारतीय नारी के गुण हैं-
(a) त्याग एवं शक्ति
(b) बलिदान
(c) साहस एवं सेवा
(d) उपर्युक्त सभी

58. नारी की शक्ति के आगे किसको हारना पड़ा?
(a) भगवान को (b) पुरुष को
(c) यमराज को (d) जगत् को

59. भारतीय संस्कृति में देवताओं का निवास-स्थान माना गया है-
(a) जहाँ नारियों का सम्मान होता है।
(b) जहाँ नारियाँ सम्पन्न हों।
(c) जहाँ नारियाँ सौभाग्यशाली हों।
(d) जहाँ नारी को पुरुष के समान अधिकार प्राप्त हों।

60. घर की व्यवस्थापिका होने के कारण नारी का रूप है-
(a) देवी (b) अर्धांगिनी
(c) लक्ष्मी (d) सहचरी

**निर्देश (61–65): प्रस्तुत पद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

चाह नहीं है सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊँ।
चाह नहीं प्रेम माला में विंध प्यारी को ललचाऊँ।।
चाह नहीं सम्राटों के शव पर हे हरि! डाला जाऊँ।
चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूं। भाग्य पर इठलाऊँ।
मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर तुम देना फेंक।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ पर जावें वीर अनेक।।

61. उक्त पद्यांश का उचित शीर्षक है-
(a) वीर भूमि
(b) शहीद की अभिलाषा
(c) पुष्प की अभिलाषा
(d) मेरी चाह

62. पद्यांश के निहित संदेश है-
(a) अपना जीवन देश-सेवा में अर्पित करना चाहिए।
(b) फूलों की भांति यशरूपी गंध फैलाना चाहिए।
(c) वीर सैनिक बनकर दुश्मनों से लोहा लेना चाहिए।
(d) पथ पर बढ़ते रहना चाहिए।

63. 'मुझे तोड़ लेना वनमाली' यह कथन है -
(a) हरि का (b) पुष्प का
(c) देशभक्त का (d) सुरबाला का

64. पद्यांश में पुष्प की कौन-सी भावना प्रकट हुई है?
(a) प्रेम-भावना
(b) बलिदान की भावना
(c) देशभक्ति की भावना
(d) विनय की भावना

65. पुष्प की अभिलाषा है-
(a) सुरबाला के गहनों में गूंथा जाना
(b) हरि के सिर पर चढ़ाया जाना
(c) सम्राटों के शव पर डाला जाना
(d) शहीदों के चरण-रज को स्पर्श करना

66. 'प्रसून' शब्द का पर्यायवाची है-
(a) वृक्ष (b) पुष्प
(c) चन्द्रमा (d) अग्नि

67. ठकुरौती में प्रत्यय है–
(a) औटी (b) औती
(c) अती (d) इ


68. हिन्दी में मूलत: वर्णों की संख्या कितनी है?
(a) 50 (b) 51
(c) 52 (d) 55

69. निम्न विकल्पों में से किसी एक की वर्तनी शुद्ध है, चयन कीजिए–
(a) कवित्री (b) कवीत्री
(c) कवियत्री (d) कवयित्री

70. निम्नलिखित वाक्य के लिये उसके नीचे दिये गये विकल्पों में से वाक्य के प्रकार को चिन्हित कीजिए–
"चलिए अब यहाँ से चला जाए।"
(a) कर्तृ वाच्य (b) कर्म वाच्य
(c) भाव वाच्य (d) संयुक्त वाक्य

**निर्देश (71–75): अग्रलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए नीचे दिए गए ग्राफ को ध्यान से पढ़ें–**

विगत वर्षों में दो कम्पनियों के लाभ में प्रतिशत वृद्धि




71. वर्ष 2007 में कम्पनी B ने ₹ 7.56 लाख लाभार्जन किया था। इसने वर्ष 2005 में कितना लाभार्जन किया था?
(a) ₹ 5 लाख
(b) ₹ 3.5 लाख
(c) ₹ 4 लाख
(d) ₹ 3 लाख

72. सभी वर्षों में मिलाकर कम्पनी A के लाभ में औसत लगभग कितने प्रतिशत वृद्धि हुई थी?
(a) 31 (b) 27
(c) 40 (d) 34

73. वर्ष 2007 और 2009 में मिलाकर कम्पनी B के लाभ में औसतन कितने प्रतिशत वृद्धि हुई थी?
(a) 48 (b) 42
(c) 40 (d) 45

74. वर्ष 2008 में कम्पनी A के लाभ में हुई प्रतिशत वृद्धि और उसी वर्ष कम्पनी B के लाभ में हुई प्रतिशत वृद्धि के बीच का क्रमश: अनुपात क्या है?
(a) 7 : 9
(b) 6 : 11
(c) 9 : 7
(d) 11 : 6

75. वर्ष 2004 तथा 2006 में कम्पनी A के लाभ में हुई प्रतिशत वृद्धि उसी वर्ष B के लाभ में हुई प्रतिशत वृद्धि के बीच का अंतर कितना है ?
(a) 25%
(b) 30%
(c) 12%
(d) इनमें से कोई नहीं

Scanned with OKEN Scanner

**निर्देश (76–80): नीचे दिए गए वृत्त-चार्ट का ध्यान से अध्ययन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत एक संगठन का औसत मासिक व्यय

कुल व्यय = ₹ 1850000




**76. स्टाफ के वेतन और स्टाफ के ऋणों पर हुए खर्च के बीच का अंतर क्या है?**
(a) ₹ 37,000
(b) ₹ 35,700
(c) ₹ 37,500
(d) ₹ 35,000

**77. इलेक्ट्रिसिटी और पानी दोनों में मिलाकर कुल व्यय कितना था?**
(a) 4,25,000
(b) 4,25,800
(c) 4,22,500
(d) 4,25,500

**78. टेलीफोन पर कितनी राशि का व्यय हुआ?**
(a) ₹ 2,75,000
(b) ₹ 2,70,500
(c) ₹ 2,77,000
(d) ₹ 2,77,500

**79. स्टाफ पर खर्च किया गया चिकित्सा व्यय, वेतन पर खर्च किए गए व्यय का कितना प्रतिशत है?**
(a) 33% (b) 30%
(c) 22% (d) 25%

**80. स्टाफ वेतन और परिवहन सब्सिडी को मिलाकर कुल व्यय कितना है?**
(a) 525000
(b) 535000
(c) 542000
(d) 555000

**निर्देश (प्र. 81-85): नीचे दी गई सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

एक स्कूल में पाँच विद्यार्थियों को अलग-अलग पाँच विषयों में मिले अंकों का प्रतिशत

| विषय→ विद्यार्थी↓ | अंग्रेजी (100) | विज्ञान (125) | गणित (150) | समाजशास्त्र (75) | हिन्दी (50) |
|---|---|---|---|---|---|
| राहुल | 67 | 84 | 70 | 64 | 90 |
| वाणी | 59 | 72 | 74 | 88 | 84 |
| सोहम | 66 | 90 | 84 | 80 | 76 |
| श्रेया | 71 | 66 | 80 | 66 | 86 |
| वरुण | 63 | 76 | 88 | 68 | 72 |

* कोष्ठक में दिए गए आंकड़े विषय विशेष के अधिकतम अंक दर्शाते हैं।

**81. परीक्षा में वरुण के अंक कुल कितने प्रतिशत हैं?**
(a) 81·5 (b) 78·2
(c) 72·4 (d) 69·8

**82. सभी विद्यार्थियों को मिलाकर अंग्रेजी में औसत कितने अंक मिले हैं?**
(a) 64·6 (b) 65·2
(c) 66·7 (d) 68·4


**83. परीक्षा में पास होने के लिए विज्ञान में कम-से-कम 95 अंक पाना जरूरी है। परीक्षा में कितने विद्यार्थी पास हुए हैं?**
(a) कोई नहीं (b) तीन
(c) एक (d) दो

**84. सोहम को सभी विषयों में मिलाकर कुल कितने अंक मिलेहैं?**
(a) 396
(b) 408
(c) 402·5
(d) 398·5

**85. वाणी और श्रेया को मिलाकर गणित में मिले कुल अंकों का इसी विषय में राहुल को मिले अंकों से क्रमशः अनुपात क्या है?**
(a) 11 : 5
(b) 7 : 9
(c) 5 : 11
(d) 9 : 7

**निर्देश (86–90): निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए नीचे दिए गए ग्राफ को ध्यान से पढ़ें–**

पांच अलग-अलग वर्षों में एक कंपनी द्वारा उत्पादित तीन अलग-अलग उत्पाद (हजारों में)




**86. सभी वर्षों में मिलकर कंपनी द्वारा उत्पादित पेन ड्राइव्स की औसत संख्या क्या है?**
(a) 1700 (b) 1.7
(c) 17000 (d) 85000

**87. वर्ष 2006 और 2008 में मिलकर कंपनी के सभी उत्पादों की कुल कितनी संख्या का उत्पादन किया था?**
(a) 10750 (b) 107.5
(c) 105700 (d) 7500

**88. वर्ष 2009 में कंपनी द्वारा उत्पादित CDs की संख्या और वर्ष 2005 में कंपनी द्वारा उत्पादित की-बोर्ड की संख्या के बीच क्रमशः अनुपात क्या था?**
(a) 9 : 10 (b) 11 : 10
(c) 10 : 9 (d) 10 : 11

**89. वर्ष 2008 में कंपनी द्वारा उत्पादित पेन ड्राइव्स और CDs की कुल संख्या और वर्ष 2008 में कंपनी द्वारा उत्पादित की-बोर्ड की संख्या के बीच क्या अंतर है?**
(a) 40000 (b) 4000
(c) 35000 (d) 3500

**90. वर्ष 2006 की तुलना में वर्ष 2007 में कम्पनी द्वारा की-बोर्ड्स के उत्पादन में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?**
(a) 90% (b) 87%
(c) 83% (d) 100%

**91. प्रत्येक वर्ष कला उत्सव का आयोजन किस मंत्रालय द्वारा किया जाता है?**
(a) युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय
(b) संस्कृति मंत्रालय
(c) शिक्षा मंत्रालय
(d) केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय

Scanned with OKEN Scanner

**92. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मासिक पत्रिका 'प्रबुद्ध भारत' के 125वें वार्षिकोत्सव को संबोधित किया। यह पत्रिका किसके द्वारा शुरू की गई थी?**
(a) रामकृष्ण परमहंस
(b) स्वामी विवेकानंद
(c) दयानन्द सरस्वती
(d) इनमें से कोई नहीं

**93. किस राज्य ने देश का पहला 'जेंडर पार्क' का संचालन शुरू किया है?**
(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) तेलंगाना

**94. किस प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) ने छोटे खेत वाले खेतों के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाला कीटनाशक स्प्रेयर विकसित किया है?**
(a) IIT कानपुर (b) IIT खड़गपुर
(c) IIT मुम्बई (d) IIT दिल्ली

**95. भारत किस वर्ष तक यूरोपीय संघ को पछाड़कर तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता बनेगा?**
(a) 2032 (b) 2035
(c) 2027 (d) 2030

**96. भारत की पहली भूतापीय क्षेत्र विकास परियोजना कहाँ स्थापित की जायेगी?**
(a) राजस्थान (b) जम्मू कश्मीर
(c) हिमाचल प्रदेश (d) लद्दाख

**97. "द लाइट ऑफ एशिया : द द पोएम दैट डिफाइंट द बुद्धा" पुस्तक किसने लिखी है?**
(a) चंद्रकांत लहारिया
(b) तमाल बंधोपाध्याय
(c) चिन्मय तुम्बे
(d) कुंवर नटवर सिंह

**98. PM नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने दिसंबर 2020 के साथ भारत के संशोधित सेवा समझौते पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी।**
(a) बांग्लादेश और म्यामांर
(b) चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) फिलीपींस और अफगानिस्तान
(d) मलेशिया और सिंगापुर

**99. किस राज्य सरकार ने राज्य में 'कोविड कॉरियर मेमोरियल' स्थापित करने का निर्णय लिया है?**
(a) ओड़िशा (b) पंजाब
(c) राजस्थान (d) कर्नाटक

**100. कोरोना संक्रमण को देखते हुए हरिद्वार कुंभ की अवधि को घटाकर कितने दिन की कर दी गई है?**
(a) 15 दिन (b) 10 दिन
(c) 30 दिन (d) 20 दिन

# व्याख्या सहित उत्तर

**1.** (c) 21 मार्च के बाद सूर्य के उत्तरायण होने के कारण ITCZ का मौसमी स्थानांतरण होता है। इस समय एशिया विशेषत: दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया में दबाव में परिवर्तन के कारण वायु की दिशा हिन्द महासागर से उपरोक्त क्षेत्र की ओर हो जाती है। जिससे ग्रीष्म काल में हल्की वर्षा होती है।

**2.** (b) बोरियल वन को शंकुधारी वन भी कहा जाता है। इस क्षेत्र के वन अपेक्षाकृत आर्थिक एवं वन्य उत्पादों की दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण होते हैं इस क्षेत्र की प्रमुख वनस्पतियों में स्प्रुस, पाइन, रेडवुड, फर आदि हैं।

**3.** (a) जनसंख्या घनत्व का तात्पर्य जनसंख्या एवं धरातल के अनुपात से है। जनसंख्या घनत्व के 4 प्रकार हैं-
1. गणितीय घनत्व
2. फिजियोलॉजिक घनत्व
3. कृषि घनत्व
4. आर्थिक घनत्व

गणितीय जनसंख्या घनत्व के लिए कुल जनसंख्या को उसके क्षेत्रफल से विभाजित करते हैं।

अर्थात् गणितीय घनत्व = कुल जनसंख्या/क्षेत्रफल

**4.** (b) कार्यवाहक गवर्नर-जनरल चार्ल्स मेटकॉफ ने भारतीय प्रेस के प्रति उदारवादी दृष्टिकोण अपनाया तथा 1823 के कुत्सित अधिनियम को रद्द कर दिया। इस प्रयास के कारण चार्ल्स मेटकॉफ को भारतीय समाचार पत्रों के 'मुक्तिदाता', की संज्ञा दी गयी। मेटकॉफ ने 1835 में एक प्रेस अधिनियम बनाया जिसके अनुसार, प्रकाशक या मुद्रक को केवल प्रकाशन के स्थान की निश्चित सूचना ही सरकार को देनी थी और वह आसानी से अपना कार्य कर सकता था। यह कानून 1856 तक चलता रहा तथा अवधि में समाचार पत्रों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

**5.** (b) दिसंबर 1929 में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन तत्कालीन पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में हुआ। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में कांग्रेस का पूर्ण स्वराज का घोषणा-पत्र तैयार किया गया तथा इसे कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य घोषित किया गया। जवाहर लाल नेहरू जिन्होंने 'पूर्ण स्वराज' के विचार को लोकप्रिय बनाने में सर्वाधिक योगदान दिया था, इस अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गये। नेहरू को अध्यक्ष बनाने में गांधी जी की निर्णायक भूमिका थी।

**6.** (c)

**7.** (a) भारत का दक्षिणतम बिंदु इन्दिरा प्वाइंट है। यह भारत के निकोबार द्वीप समूह के बड़े निकोबार द्वीप पर स्थित एक गांव है। यहां एक प्रकाश स्तम्भ स्थित है। प्रशासनिक रूप से यह लक्ष्मीनगर पंचायत के अधीन है। देश की चतुर्दिक अंतिम सीमा बिन्दु निम्नलिखित है-

दक्षिणतम बिंदु - इंदिरा प्वाइंट (ग्रेट निकोबार द्वीप)
उत्तरतम बिंदु - इंदिरा कॉल (जम्मू-कश्मीर)
पश्चिमोत्तर बिंदु - गौर माता (गुजरात)
पूर्वोत्तर बिंदु - किबिथु (अरूणाचल प्रदेश)

**8.** (c) मिसीसीपी मुहाने का संकुचन भू-संतुलन का प्रमुख उदाहरण है। इस सिद्धांत के अनुसार विशाल भू-रचनाएं, जैसे ऊंची-ऊंची पर्वतमालाएं, पठार, मैदान आदि संतुलन की अवस्था में रहते हैं।

**9.** (d) टुंड्रा एक प्रकार का बायोम है जहां वृक्षों की वृद्धि कम तापमान और बढ़ने के अपेक्षाकृत छोटे मौसम के कारण प्रभावित होती है। टुंड्रा शब्द फिनिश भाषा से आया है जिसका अर्थ 'ऊंची भूमि' या वृक्षविहीन पर्वतीय रास्ता होता है। टुंड्रा प्रदेश तीन प्रकार के हैं-आर्कटिक टुंड्रा, अल्पाइन टुंड्रा और अंटार्कटिका टुंड्रा। इन प्रदेशों की वनस्पतियां मुख्यतया बौनी झाड़ियां, दलदली पौधे, घास, काई और लाइकेन से मिलकर बनती हैं। अत: यह न्यूनतम वृद्धि करने वाला बायोम है।

**10.** (a) संविधान में उपबंध किया गया है कि पिछली लोकसभा का अध्यक्ष लोकसभा की पहली बैठक के ठीक पहले तक अपने पद पर रहता है। इसलिए राष्ट्रपति लोकसभा के एक सदस्य को सामाजिक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त करता है। आमतौर पर लोकसभा के वरिष्ठ सदस्य को इसके लिए चुना जाता है। राष्ट्रपति स्वयं प्रोटेम स्पीकर को शपथ दिलवाता हैं। प्रोटेम स्पीकर को स्थायी अध्यक्ष के समान ही शक्तियां प्राप्त होती हैं। वह नई लोकसभा की पहली बैठक में पीठासीन अधिकारी होता है। उसका मुख्य कर्तव्य नए सदस्यों को शपथ दिलवाना है। वह सदन को नए अध्यक्ष का चुनाव करने के लिए भी मदद करता है। जब नये अध्यक्ष को चुन लिया जाता है तो प्रोटेम स्पीकर का पद स्वयं ही

Scanned with OKEN Scanner

11:37 Vo 5G 5G 40%

UPSSSC PET Group C Latest 20 Pra...



समाप्त हो जाता है। अतः यह पद अल्पकालिक होता है।

**11.** (d) संविधान के छठें भाग में अनुच्छेद 168-212 तक राज्य विधान मंडल की संरचना, गठन, कार्यकाल अधिकारियों, प्रक्रियाओं, विशेषाधिकारों तथा शक्तियों आदि के बारे में बताया गया है। यद्यपि ये सभी संसद के अनुरूप है, फिर भी इनमें कुछ विभेद पाया जाता है। राज्य विधानमंडल के गठन में कोई एकरूपता नहीं है अधिकतर राज्यों में एक सदनीय व्यवस्था है, जबकि कुछ में द्विसदनीय है।

**12.** (d) संविधान में कहीं भी संघ, शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। इसके स्थान पर संविधान का अनुच्छेद 1 भारत को 'राज्यों के संघ' के रूप में परिभाषित करता है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर के अनुसार राज्यों के संघ से दो बातें उभरकर सामने आती हैं–

(i) अमेरिकी संघ के विपरीत, भारतीय संघ राज्यों के बीच सहमति का प्रतिफल नहीं है।

(ii) राज्यों को यह अधिकार नहीं है कि वे स्वयं को संघ से पृथक कर सके। भारत राज्यों का संघ है क्योंकि वह अविभाज्य है। भारत की संघीय व्यवस्था कनाडाई मॉडल पर आधारित है। एक अत्यंत सशक्त केन्द्र के होने के नाते कनाडाई मॉडल अमेरीकी, मॉडल से सर्वदा भिन्न है।

**13.** (d) राजनीतिक दल, वे स्वैच्छिक संगठन अथवा लोगों के संगठित समूह होते हैं जो समान दृष्टिकोण रखते हैं तथा जो संविधान के प्रावधानों के अनुरूप राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। निर्वाचन आयोग, निर्वाचन के प्रयोजनों हेतु राजनीतिक दलों को पंजीकृत करता है और उनकी चुनाव निष्पादनता के आधार पर उन्हें राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय दलों के रूप में मान्यता प्रदान करता है। अन्य दलों को केवल पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दल घोषित किया जाता है।

**14.** (c) सूचना का अधिकार (Right to information Act/RTI) भारत की संसद द्वारा पारित एक कानून है, जो 12 अक्टूबर, 2005 को लागू हुआ (15 जून, 2005 को इसके कानून बनने के 120वें दिन) भारत में भ्रष्टाचार को रोकने और समाप्त करने के लिए इसे बहुत ही प्रभावी कदम बताया गया है। यह कानून भारत के सभी नागरिकों को सरकारी फाइलों/रिकॉर्डस में दर्ज सूचना को देखने और उसे प्राप्त करने का अधिकार देता है। यह कानून जम्मू-कश्मीर राज्य को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू है।

**15.** (d) संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार संसद, राज्य विधानमंडल, राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन के लिए संचालन, निर्देशन व नियंत्रण की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की है। निर्वाचन आयोग एक स्थायी एवं स्वतंत्र निकाय है। इसका गठन भारत के संविधान द्वारा देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से किया गया था। अतः निर्वाचन आयोग एक अखिल भारतीय संस्था है। जो केंद्र व राज्य सरकारों दोनों के लिए समान है। ध्यातव्य है कि राज्यों में होने वाले पंचायतों व निगमों के चुनाव से आयोग का कोई संबंध नहीं है। इसके लिए भारत के संविधान में अलग राज्य निर्वाचन आयोगों की व्यवस्था की गई है।

**16.** (b)

**17.** (c) 6 अप्रैल, 1948 को तत्कालीन उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वतंत्रता के बाद पहली औद्योगिक नीति का प्रस्ताव रखा। इस नीति में मिश्रित अर्थव्यवस्था की आर्थिक विचार धारा स्वीकार की गयी जिसमें औद्योगिक विकास के लिए सार्वजनिक तथा निजी दोनों क्षेत्रों पर बल दिया गया।

**18.** (b) भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना 1 अप्रैल, 1951 से प्रारंभ हुई थी, जबकि इस योजना का अंतिम प्रारूप दिसंबर 1952 में प्रकाशित किया गया था। इस योजना में कृषि को उच्चतम प्राथमिकता प्रदान की गई। इसकी अवधि 1 अप्रैल, 1951 से 31 मार्च, 1956 तक थी।

**19.** (b) 19 जनवरी, 1956 को केन्द्र सरकार ने समस्त 245 भारतीय तथा विदेशी बीमा कंपनियों को अपने अधिकार में ले लिया तथा 1 सितंबर, 1956 को इनका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। संसद के एक अधिनियम के तहत सितंबर, 1956 में 5 करोड़ रुपए की भारत सरकार के पूंजी के साथ भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की स्थापना की गई। बीमा क्षेत्र में सुधार के लिए गठित मल्होत्रा समिति ने LIC के लिए 5 करोड़ की पूंजी को 200 करोड़ करने की सिफारिश की थी, किंतु सरकार ने इसे अस्वीकार कर दिया। LIC के राष्ट्रीयकरण का उद्देश्य बीमा के व्यापक प्रसार के साथ-साथ जनता की बचत को देश के हित में जुटाना था।

**20.** (b)

**21.** (d) भारत का राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग एक स्वायत्त संस्था है जिसकी स्थापना 12 जुलाई, 2006 में की गयी थी। 2005 में भारत सरकार ने सी रंगराजन की अध्यक्षता वाली आर्थिक सलाहकार समिति की संस्तुति के आधार पर इसकी स्थापना का निर्णय लिया। आयोग में एक अंशकालिक अध्यक्ष, चार अंश कालिक सदस्य तथा एक पदेन सदस्य होता है।

**22.** (a) जब बर्फ पिघलती है, तो उसका आयतन घटता है।

**23.** (d)

**24.** (b) वर्षा ऋतु में लकड़ी से बने दरवाजों के फूलने का कारण अन्तः शोषण है। यह एक विशेष प्रकार का विसरण है। जब ठोस एवं कोलाइडस द्वारा पानी को अवशोषित किया जाता है तो इसके कारण उसके आयतन में वृद्धि होती है। अंतः शोषण के प्रमुख उदाहरणों में बीजों और सूखी लकड़ियों द्वारा जल का अवशोषण है।

**25.** (c)

**26.** (c) चिपको आन्दोलन पर्यावरण सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण आंदोलन है। यह भारत के उत्तराखंड राज्य (तब उत्तर प्रदेश का भाग) में किसानों ने वृक्षों की कटाई का विरोध करने के लिए प्रारंभ किया था। वे राज्य के वन विभाग के ठेकेदारों द्वारा वनों की कटाई का विरोध कर रहे थे और उन पर अपना परंपरागत अधिकार जता रहे थे।

**27.** (d) नीति आयोग (NITI-राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान) भारत सरकार द्वारा गठित एक नया संस्थान है, जिसे योजना आयोग के स्थान पर बनाया गया है। 1 जनवरी, 2015 को इस नए संस्थान के संबंध में जानकारी देने वाले मंत्रिमंडल का प्रस्ताव जारी किया गया। यह संस्थान सरकार के थिंक टैंक के रूप में सेवाएं प्रदान करेगा और उसे निर्देशात्मक एवं नीतिगत गतिशीलता प्रदान करेगा।

**28.** (d) वैदिक काल में 'बलि' शब्द का अर्थ–प्रजा द्वारा शासक को दी गई भेंट से था।

**29.** (c) सातवाहन दक्षिण भारत का एक राजवंश था, जिसने केंद्रीय दक्षिण भारत पर शासन किया। सातवाहन वंश के संस्थापक सिमुक ने 60 ई.पू. से 37 ई.पू. तक राज्य किया। राजा शातकर्णी के उत्तराधिकारियों के केवल नाम ही पुराणों द्वारा ज्ञात हैं। इनमें गौतमीपुत्र शातकर्णी के संबंध में उसके शिलालेखों से बहुत कुछ परिचय प्राप्त होता है। यह प्रसिद्ध शक महाक्षत्रप 'नहपान' का समकालीन था। गौतमी पुत्र शातकर्णी ने 'एकराट' या 'एक ब्राह्मण' की उपाधि धारण की।

**30.** (a) 'अंगुत्तर निकाय बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इस ग्रंथ में ही सोलह महाजनपदों का उल्लेख मिलता है। ये महाजनपद हैं-

| | |
|---|---|
| (1) अवंति | (2) अश्मक |
| (3) अंग | (4) कंबोज |
| (5) काशी | (6) कुरू |
| (7) कोशल | (8) गांधार |
| (9) चेदि | (10) वज्जि |
| (11) वत्स | (12) पांचाल |
| (13) मगध | (14) मत्स्य |
| (15) मल्ल | (16) सूरसेन |

ये सभी महाजनपद आज के उत्तरी अफगानिस्तान से बिहार तक और हिन्दुकुश से गोदावरी नदी तक फैले हुए थे।

**31.** (a) इल्तुतमिश (1210-1236 ई.) कुतुबुद्दीन ऐबक का दामाद व उत्तराधिकारी, इलबरी तुर्क था। यह दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक था। इल्तुतमिश ने सुल्तान के पद को वंशानुगत बनाया। इल्तुतमिश ने इक्ता को शासन व्यवस्था का आधार बनाया। इक्ता संस्था का प्रयोग भारतीय समाज की सामंतवादी व्यवस्था को समाप्त करने तथा साम्राज्य के दूरस्थ भागों को केन्द्र के साथ संयुक्त करने के एक साधन के रूप में प्रयुक्त किया।

Scanned with OKEN Scanner

**32.** (a) बुलंद दरवाजा आगरा शहर से 43 किमी दूर फतेहपुर सीकरी नामक स्थान पर स्थित एक प्रवेश द्वार है। इस द्वार का निर्माण अकबर ने 1602 ई. में गुजरात पर अपनी विजय के उपलक्ष्य में कराया था। बुलंद दरवाजे का निर्माण लाल और बादामी रंग के बलुआ पत्थर से किया गया। है। जिनको सफेद और काले संगमरमर से सजाया गया है। यह ईरान से ली गयी अर्द्ध गुंबदीय शैली में बना है।

**33.** (c) मणिपुर राज्य की सीमा बांग्लादेश से नहीं मिलती है। बांग्लादेश से लगे भारतीय राज्य हैं–असम, मेघालय, मिजोरम, पश्चिम बंगाल एवं त्रिपुरा।

**34.** (a) बारूदी सुरंगों का पता लगाने में मधुमक्खी का उपयोग किया जाता है। अमेरिका और रूस में इस कार्य के लिए मधुमक्खियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मधुमक्खियों को प्रशिक्षित करने वाले वैज्ञानिकों का मानना है कि मधुमक्खियों की सूंघने की क्षमता कुत्तों से अधिक होती है।

**35.** (c) चूंकि सिलिकॉन (S) तथा जरमेनियम (Ge) अर्द्धचालक होते हैं अत: इनका प्रयोग कंप्यूटर के आई.सी. चिप तथा ट्रान्जिस्टर में किया जाता है।

**36.** (b) भारत में अणु बम के विकास से भारत के प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक डॉ. होमी जहांगीर भाभा संबंधित थे। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम मिसाइल तकनीक के विकास से संबंधित हैं, इसी कारण इन्हें 'मिसाइल मैन' भी कहा जाता है। ये भारत के मध्यम दूरी के बैलेस्टिक प्रक्षेपास्त्र (Intermediate Range Balistic Missile) के जनक माने जाते हैं। डॉ. राजा रमन्ना भारत के न्यूक्लियर वैज्ञानिक थे। इन्होंने BARC के निदेशक सहित अनेक महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। श्री कस्तूरी रंगन अन्तरिक्ष वैज्ञानिक हैं जिन्होंने ISRO के अध्यक्ष पद पर भी कार्य किया है।

**37.** (c) लेसर बीम का उपयोग आंख (मोतियाबिन्द) की चिकित्सा में किया जाता है। यह एक नई तकनीक है जिसके कारण बिना चीर-फाड़ के ही ऑपरेशन संभव है। कैंसर की चिकित्सा में X-Ray एवं कोबाल्ट (Co) का प्रयोग होता है।

**38.** (c) प्रसिद्ध नैमिषारण्य तीर्थ स्थल उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद में स्थित है। इन स्थान का वर्णन विष्णु पुराण में मिलता है जिसके अनुसार इस स्थान पर महर्षि दधीचि का आश्रम था। यहीं पर महर्षि दधीचि ने राक्षसों के नाश हेतु देवताओं को अपनी अस्थियां दी थीं। इस स्थान को चक्र तीर्थ भी कहते हैं, जिसका सम्बन्ध भगवान विष्णु के सुदर्शन चक्र से है।

**39.** (c) भास्कराचार्य का महत्वपूर्ण ग्रन्थ 'लीलावती' बीजगणित पर आधारित है। भास्कराचार्य ने बीजगणित के साथ ही अंकगणित तथा ज्यामिति के क्षेत्र में भी महत्त्वपूर्ण कार्य किया है।

**40.** (c) मौर्य वंश के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरु एवं उसके प्रधानमंत्री आचार्य कौटिल्य थे। इनके अन्य नाम विष्णुगुप्त व चाणक्य भी थे। इन्होंने 'अर्थशास्त्र' नामक पुस्तक की रचना की। चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने गुरु विष्णुगुप्त अथवा चाणक्य की सहायता से नन्द वंश के अन्तिम शासक धनानन्द को हराकर मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी।

**41.** (d) माना केरल का सिल्क उत्पादन है

= 100 इकाई

∴ कर्नाटक का सिल्क उत्पादन है

$= 100 + 100 \times \frac{100}{100} = 200$ इकाई

तो केरल का आधा सिल्क उत्पादन

= 50 इकाई

∴ उत्पादन प्रतिशत

$= \frac{50}{200} \times 100 = 25\%$

**42.** (b) $x = 1 + \sqrt{2}$

$x^2 = 1 + 2 + 2\sqrt{2}$

$x^2 = 3 + 2\sqrt{2}$

या $\frac{1}{x^2} = 3 - 2\sqrt{2}$

$y = 1 - \sqrt{2}$

$y^2 = 1 + 2 - 2\sqrt{2}$

$y^2 = 3 - 2\sqrt{2}$

$\frac{1}{y^2} = 3 + 2\sqrt{2}$

∴ $x^2 + y^{-2} = \frac{1}{x^2} + \frac{1}{y^2}$

$= 3 - 2\sqrt{2} + 3 + 2\sqrt{2}$

$= 6$

**43.** (b) $\frac{1}{3} = 0.333,\quad \frac{7}{23} = 0.304$

$\frac{2}{7} = 0.285,\quad \frac{5}{14} = 0.357$

∴ बढ़ते हुए क्रम – $\frac{2}{7} < \frac{7}{23} < \frac{1}{3} < \frac{5}{14}$

अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।


**44.** (b)


**45.** (c) $0.0666\ldots \times 2.444\ldots$

$= 0.0666 \times 2.444$

$= 0.1628$

**46.** (b) प्रश्नानुसार, चित्र बनाने पर–





चित्र से स्पष्ट है कि R, L के दक्षिण-पश्चिम दिशा में है।

**47.** (a) दी गई संख्या श्रृंखला इस प्रकार है–




∴ '?' के स्थान पर 53 आएगा।
अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।

**48.** (b) प्रश्नानुसार, आरेख बनाने पर–




चित्र से अनुसार कुछ डिस्प्ले बॉक्स हैं जबकि कुछ मॉनिटर स्क्रीन नहीं हैं। अत: केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**49.** (c) **50.** (c) **51.** (c)

**52.** (a)

**53.** (b) So much

**54.** (d)

**55.** (b) loathing

**56.** (a) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक 'भारतीय नारी' है।

**57.** (d) त्याग एवं शक्ति, बलिदान, साहस एवं सेवा भारतीय नारी के गुण हैं।

**58.** (c) उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार नारी शक्ति के आगे यमराज को भी हारना पड़ा।

Scanned with OKEN Scanner

**59.** (a) भारतीय संस्कृति के अनुसार जहाँ नारियों का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं।

**60.** (c) घर की व्यवस्थापिका होने के कारण नारी लक्ष्मी का रूप है।

**61.** (c) उक्त पद्यांश का उचित शीर्षक 'पुष्प की अभिलाषा' है।

**62.** (a) पद्यांश में निहित संदेश यह है कि अपना जीवन देश-सेवा में अर्पित करना चाहिए।

**63.** (b) 'मुझे तोड़ लेना वनमाली' यह कथन पुष्प का है।

**64.** (c) पद्यांश में पुष्प की 'देशभक्ति की भावना' प्रकट हुई है।

**65.** (d) पुष्प की अभिलाषा 'शहीदों के चरण-रज (चरणों की धूलि) को स्पर्श करना' है।

**66.**(b)

**67.** (b) वे शब्द जो किसी शब्द के अंत में लगाकर या प्रयुक्त होकर मूल शब्द के अर्थ में परिवर्तन या नवीनता ला देते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं। 'ठकुरौती' शब्द में 'औती' प्रत्यय है। हिन्दी में चार प्रकार के प्रत्यय पाए जाते हैं–कृत प्रत्यय, तद्धित प्रत्यय, स्त्री प्रत्यय और विदेशी प्रत्यय।

**68.** (c)

**69.** (d) किसी भी भाषा में शब्दों की ध्वनियों को जिस क्रम और जिस रूप से उच्चारित किया जाता है। उसी क्रम और रूप में लिखने की रीति को वर्तनी कहते हैं। शुद्ध वर्तनी की दृष्टि से 'कवयित्री' शुद्ध है।

**70.** (c)

**71.** (c) माना वर्ष 2005 में ₹ $x$ लाभार्जन किया।

प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{135}{100} \times \frac{140}{100} = 7.56$$

$$\therefore x = \frac{7.56 \times 100 \times 100}{135 \times 140}$$

= ₹ 4 लाख

**72.** (d) औसत प्रतिशत वृद्धि

$$= \frac{(25 + 30 + 40 + 45 + 35 + 30)}{6}\%$$

$$= \frac{205}{6} = 34.16\%$$

= 34% (लगभग)

**73.** (d) औसत % वृद्धि

$$= \frac{40 + 50}{2}\%$$

$$= \frac{90}{2}\% = 45\%$$

**74.** (a) अभीष्ट अनुपात = वर्ष 2008 में कम्पनी A के लाभ में प्रतिशत वृद्धि : वर्ष 2008 में कम्पनी B के लाभ में प्रतिशत वृद्धि = 35 : 45 = 7 : 9

**75.** (d) वर्ष 2004 तथा 2006 में कम्पनी A के लाभ में प्रतिशत वृद्धि

= (25 + 40)% = 65%

वर्ष 2004 तथा 2006 में कम्पनी B के लाभ में प्रतिशत वृद्धि

= (30 + 35)% = 65%

∴ अभीष्ट अंतर = (65 – 65) = 0

**76.** (a) अभीष्ट अंतर

$$= 1850000 \times \left(\frac{20}{100} - \frac{18}{100}\right)$$

$$= 1850000 \times \left(\frac{2}{100}\right)$$

= 18500 × 2 = ₹ 37000

**77.** (d) अभीष्ट खर्च

$$= 1850000\left[\frac{12}{100} + \frac{11}{100}\right]$$

$$= 1850000\left[\frac{23}{100}\right]$$

= 18500 × 23 = ₹ 425500

**78.** (d) अभीष्ट राशि

$$= \frac{15}{100} \times 1850000$$

= 15 × 18500 = ₹ 277500

**79.** (b) अभीष्ट प्रतिशत

$$= \frac{6}{20} \times 100\% = 30\%$$

**80.** (d) स्टाफ वेतन और परिवहन सब्सिडी को मिलाकर कुल व्यय

$$= 1850000 \times \frac{(20 + 10)}{100}$$

$$= 1850000 \times \frac{30}{100} = 55{,}5000$$

**81.** (c) परीक्षा में वरुण के सभी विषयों में प्राप्तांक

= (63 + 76 + 88 + 68 + 72) = 367

परीक्षा का पूर्णांक = 500

$$\therefore \text{ अभीष्ट प्रतिशत} = \left(\frac{367}{500} \times 100\right)\%$$

= 72.4%

**82.** (b) अंग्रेजी में अभीष्ट औसत अंक

$$= \left(\frac{67 + 59 + 66 + 71 + 63}{5}\right)$$

$$= \frac{326}{5} = 65.2$$

**83.** (a) सारणी से स्पष्ट है, विज्ञान में किसी विद्यार्थी ने 95 अंक प्राप्त नहीं किए, अतः कोई विद्यार्थी परीक्षा में पास नहीं हुआ।

**84.** (a) सोहम के सभी विषयों में कुल अंक = (66 + 90 + 84 + 80 + 76) = 396

**85.** (c) वीणा और श्रेया को मिलाकर गणित में कुल अंक

= (74 + 80) = 154

राहुल के गणित में कुल अंक = 70

∴ अभीष्ट अनुपात = 70 : 154 = 5 : 11

**86.** (c) कंपनी द्वारा उत्पादित पेन ड्राइव्स की औसत संख्या

$$= \frac{(15000 - 7500 + 15000 + 30000 - 17500)}{5}$$

$$= \frac{85000}{5} = 17000$$

**87.** (d) वर्ष 2006 में कंपनी के सभी उत्पादों की कुल संख्या

= 10000 + 7500 + 15000 = 32500

वर्ष 2008 में कंपनी के सभी उत्पादों की कुल संख्या

= 25000 + 30000 + 20000 = 75000

वर्ष 2006 और 2008 में कंपनी के सभी उत्पादों की कुल संख्या

= 32500 + 75000 = 107500

**88.** (a) अभीष्ट अनुपात

= 22500 : 25000 = 9 : 10

**89.** (c) वर्ष 2008 में कंपनी द्वारा उत्पादित CDs और पेन ड्राइव्स की कुल संख्या

= 25000 + 30000 = 55000

अभीष्ट अंतर = 55000 – 2000 = 35000

**90.** (d) वर्ष 2006 में कम्पनी द्वारा की-बोर्ड्स का उत्पादन = 15 हजार

वर्ष 2007 में कम्पनी द्वारा की-बोर्ड्स का उत्पादन = 30 हजार

∴ अभीष्ट प्रतिशत वृद्धि

$$= \frac{(30 - 15)}{15} \times 100\%$$

$$= \left(\frac{15}{15} \times 100\right)\% = 100\%$$

Scanned with OKEN Scanner

**91.** (d) कला उत्सव का आयोजन के केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया जाता है। यह शिक्षा में कला को प्रोत्साहित करने के लिये आयोजित किये जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है।

**92.** (b) **93.** (a) **94.** (b)

**95.** (d) अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) ने फरवरी 2021 में जारी अपनी इंडिया आउटलुक 2021 की रिपोर्ट में बताया कि भारत 2030 तक चीन और अमेरिका के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता बन जायेगा।

**96.** (d) भारत की पहली भू-तापीय बिजली परियोजना लद्दाख के पूगा गाँव में शुरू की जाएगी। वैज्ञानिकों ने पूगा की पहचान देश में भू-तापीय ऊर्जा के हाट-स्पॉट के रूप में की है। इस ऊर्जा की उत्पत्ति मुख्यतः पृथ्वी में सर्वत्र समाए यूरेनियम, थोरियम और पोटेशियम आइसोटोप के विकिरण और पृथ्वी की कोर में भरे तरल पदार्थ मेग्मा की उपस्थिति से होती है।

**97.** (b) **98.** (c) **99.** (a)

**100.** (c)

❑❑❑

Scanned with OKEN Scanner